भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1126

10 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

महाराष्ट्र में आयुष अस्पताल

1126. डा. अजित माधवराव गोपछड़े:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में आयुष अस्पताल को मंजूरी दी जा रही है, यदि हां, तो प्रस्तावित आयुष अस्पताल के निर्माण कार्य शुरू करने में क्या बाधाएं हैं;

(ख) यदि नांदेड़ में आयुष अस्पताल को मंजूरी प्राप्त हो जाती है और कानून के अनुसार सभी संगत दस्तावेज पूरे हैं तो क्या जिला प्रशासन और राज्य सरकार इस प्रक्रिया को पूरा करने में तेजी ला रही है;

(ग) नांदेड़ में इस आयुष अस्पताल के पूरा होने की समय-सीमा क्या है; और

(घ) महाराष्ट्र में जिला-वार आयुष अस्पतालों की सूची क्या है और क्या नांदेड़ जिले में 2-3 आयुष अस्पताल स्थापित किये जाने की कोई संभावना है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत, महाराष्ट्र राज्य सरकार से राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार, वर्ष 2025-26 के दौरान नांदेड़ जिले में एक 30 बिस्तर वाले एकीकृत आयुष अस्पताल (आईएएच) को मंजूरी दी गई है। महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, विभाग द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन की प्रक्रिया दिनांक 02.02.2026 को शुरू की गई है और नांदेड़ में आईएएच को पूरा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एनएएम दिशानिर्देशों के अनुसार सिविल सर्जन, नांदेड़ द्वारा भूमि रिकॉर्ड के साथ-साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की गई है।

(ग): चूंकि योजना का कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में प्रस्तावित आईएएच को पूरा करने के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कोई विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

(घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, नांदेड़ जिले में आयुष अस्पतालों की स्थापना की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। एनएएम के तहत महाराष्ट्र में अनुमोदित आईएएच की जिलावार सूची **संलग्नक** पर दी गई है।

*****

संलग्नक

महाराष्ट्र राज्य में अनुमोदित एकीकृत आयुष अस्पतालों की जिलावार सूची

क्र. सं.	जिले का नाम	बिस्तरों की संख्या
1.	ठाणे	50
2.	जालना	50
3.	धाराशिव	50
4.	नागपुर	50
5.	जलगांव	30
6.	बुलढाणा	50
7.	छत्रपति संभाजी नगर	50
8.	गोंदिया	50
9.	गढ़चिरौली	30
10.	वर्धा	30
11.	धुले	50
12.	सतारा	50
13.	वाशिम	50
14.	रत्नागिरी	30
15.	नांदेड़	**30**
16.	पुणे	30
17.	नंदुरबार	30
18.	अहिल्यानगर	30
19.	सिंधुदुर्ग	30